

# वन महोत्सव-2020

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में दिनांक 10/07/2020 को वन महोत्सव मनाया गया | कोविड-19 महामारी के कारण संक्षिप्त कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक श्री माना राम बालोच, भा.व.से., द्वारा खेल मैदान की सीमा पर पौधारोपण किया गया | निदेशक ने पौधे के महत्व को बताते हुए कहा कि हर नागरिक को पौधे लगाने चाहिए | इसके पश्चात डॉ. संगीता सिंह, वैज्ञानिक-एफ ने भी जामुन का पौधा लगाया | इस अवसर पर डॉ. गेंदा सिंह, वैज्ञानिक-जी , डॉ. महेश्वर टी. हेगड़े, वैज्ञानिक-एफ, श्रीमती भावना शर्मा, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग, डॉ. नवीन कुमार बोहरा, जन संपर्क अधिकारी, श्री ए. दुरई, पौधशाला प्रभारी, श्री धाना राम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, विस्तार प्रभाग, श्री सादुल राम देवड़ा, तकनीकी अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे | कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिलास सिंह, मुख्य तकनीकी अधिकारी, विस्तार प्रभाग ने किया | श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ तकनीशियन, विस्तार प्रभाग तथा श्री कान सिंह राठौड़, माली सुविधाएं एवं सेवायें ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया |





